प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 09.01.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर आज पहुंचे प्रयागराज : संगम तट पर महाकुंभ की तैयारियों का किया निरीक्षण, अखाड़ों में संतों से भी की मुलाकात।
2. आकाशवाणी के विशेष चैनल कुंभवाणी का कल मुख्यमंत्री करेंगे शुभारम्भ : सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन कार्यक्रम में वर्चुअली होंगे शामिल।
3. उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बरेली में उत्तरायणी मेले का किया शुभारम्भ : कहा– सांस्कृतिक विरासत और धरोहरों के विकास के लिये सरकार कर रही है काम।

और

4. लखनऊ के एएमसी सेंटर में 10 से 22 जनवरी तक आयोजित होगी अग्निवीर भर्ती रैली : 13 जनपदों के अभ्यर्थी होंगे शामिल।

———————

<u>मुख्यमंत्री–प्रयागराज</u>

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज दो दिवसीय दौरे पर प्रयागराज पहुंचे। मुख्यमंत्री ने संगम तट पर महाकुंभ की तैयारियों का जायजा लेने के साथ–साथ विकास कार्यों का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश सरकार के

मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, नंद गोपाल नंदो, मुख्य सचिव मनोज सिंह भी रहे। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ मेला क्षेत्र में स्थापित अखाड़ों में साधु–संतों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिये बनाये गये डिजिटल महाकुंभ अनुभव केन्द्र का उद्घाटन भी किया। इस केन्द्र में कुंभ की सम्पूर्ण कथा को विशेष डिजिटल तकनीक से दिखाया जायेगा, जिससे श्रद्धालुओं को कुंभ पर्व की वास्तविक अनुभूति होगी। मुख्यमंत्री ने आज डिजिटल मीडिया सेंटर का उद्घाटन भी किया। इस मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 144 वर्षो के बाद विशेष मुहूर्त में महाकुंभ का साक्षी बनना हमारे लिये गौरव की बात है। बाइट....

*बारह वर्ष के बाद महाकुंभ का आयोजन और उसमें भी एक सौ चौवालीस वर्ष की वह शुभ मुहूर्त आये तो वह सचमुच उस पूरी पीढ़ी के लिए जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप उस आयोजन के साथ जुड़े हो उन सब के लिए सौभाग्य का विषय भी है और गौरव का विषय भी है और ये हम लोग अपना सौभाग्य मानते है की सनातन गर्व के प्रतीक महाकुंभ पर्व को आयोजित करने का सौभाग्य डबल इंजिन की भारतीय जनता पार्टी की सरकार को प्रयागराज के इस पावन धरा पर आयोजित करने का अवसर प्राप्त हो रहा है।*

————————

महाकुंभ 2025 को समर्पित आकाशवाणी का कुंभवाणी चनल कल प्रयागराज में लॉन्च किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चनल का शुभारंभ करेंगे। सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन कार्यक्रम में वर्चुअली

जुड़ेंगे। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा कुंभ मंगल धुन का भी शुभारंभ किया जाएगा। पेश है एक रिपोर्ट......

*आकाशवाणी का कुंभवाणी चैनल कल से 26 फरवरी तक सुबह 5.55 बजे से रात 10.05 बजे तक महाकुंभ की हर गतिविधि पर आधारित कार्यक्रम प्रसारित करेगा। कुंभवाणी चैनल के माध्यम से अमृत स्नान की लाइव कमेंट्री प्रसारित की जाएगी। इस समारोह में प्रसार भारती के अध्यक्ष डॉ. नवनीत कुमार सहगल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी, आकाशवाणी की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़, दूरदर्शन की महानिदेशक कंचन प्रसाद और आकाशवाणी व दूरदर्शन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। कुंभवाणी को 103 मेगाहट्र्ज फ्रीक्वेंसी, न्यूऑनएयर ऐप और वेव्स ओटीटी पर सुना जा सकता है। मुख्यमंत्री कल यूपी स्टेट पवेलियन और डिजिटल कुंभ प्रदर्शनी का उद्घाटन भी करेंगे। उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक विरासत से लोगों को रूबरू कराने के लिये पर्यटन विभाग ने 5 एकड़ क्षेत्र में इस पवेलियन को स्थापित किया है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

———————

प्रयागराज में महाकुंभ 2025 की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। संगम क्षेत्र में स्नान के लिए 12 किलोमीटर क्षेत्रफल में घाट तैयार किये गए हैं। इन घाटों की पहचान के लिए अलग–अलग प्रतीक चिन्ह लगाए जा रहे हैं। एक रिपोर्ट.....

*13 जनवरी से लेकर छब्बीस फरवरी तक चलने वाले महाकुंभ दो हजार पच्चीस में करीब पैंतालिस करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। उनकी सुविधा और सुरक्षा के लिए संगम क्षेत्र में वॉच टावर और बैरिकेडिंग की भी व्यवस्था की जा रही है। उप मेला अधिकारी अभिनव पाठक ने बताया कि महाकुम्भ के लिए संगम क्षेत्र के प्रमुख घाटों को नए सिरे से विकसित किया गया है। सभी घाटों में महिलाओं और लड़कियों के लिये अलग से चेंजिंग रूम बनाये गये हैं। हर घाट पर अलग–अलग प्रतीक चिन्ह*

*लगाये जा रहे हैं, ताकि लोगों को घाटों की पहचान में आसानी हो। सुरक्षित स्नान के लिये जल पुलिस को पूरी तरह सतर्क रखा गया है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

———————

**केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में कल महाकुंभ को समर्पित आकाशवाणी और दूरदर्शन के दो विशेष गीतों का लोकार्पण किया है। आकाशवाणी के लिए इस गीत को रतन प्रसन्ना ने गाया है और संगीत संतोष नाहर और रतन प्रसन्ना का है। दूरदर्शन द्वारा निर्मित इस शीर्षक गीत महाकुंभ है को पद्मश्री से सम्मानित कैलाश खेर ने गाया है।**

———————

**प्रदेश सरकार ने राज्य में लंबित स्टांप वादों के त्वरित निस्तारण और राजस्व वसूली में तेज़ी लाने के लिए स्टांप कमी समाधान योजना लागू की है। यह योजना 31 मार्च 2025 तक प्रभावी रहेगी। इसके तहत पक्षकार सिर्फ सौ रुपये का जुर्माना और नियम अनुसार ब्याज अदा कर लंबित मामलों का समाधान करवा सकते हैं। प्रदेश के स्टांप और पंजीयन राज्य मंत्री रविंद्र जायसवाल ने बताया कि अभी तक स्टांप कमी के मामलों में चार गुना तक अर्थदण्ड वसूला जाता था। इस नई योजना के तहत अर्थ दंड घटाकर मात्र सौ रुपये कर दिया गया है। बाइट......**

*एक सिंपल सा फॉर्मेट जो रजिस्ट्री दफ्तर में रहेगा। स्टाम्प विभाग के पोर्टल पर रहेगा। कोई भी व्यक्ति अपना नाम भरते हुए की मेरा वाद संख्या*

*फला, यहाँ पर यह वाद चल रहा है, कहीं एआईजी के यहां कहीं डीआईजी के यहा कहीं एडीएम फाइनेंस के यहां, कहीं डीएम के यहां तो वह डालते हुए।*

———————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

—————————

**उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धाम ने आज बरेली में उत्तराखंड की संस्कृति से जुड़े उत्तरायणी मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री धामी न कहा कि देश में सरकार बदलने के बाद देश में सांस्कृतिक पुनर्जागरण हुआ है जिसका प्रमाण है काशी में विश्वनाथ मंदिर और अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण। बाइट.....**

*आदरणीय प्रधानमंत्री जी के देश के प्रधान सेवक बनने के पश्चात पूरे भारत में विकास भी और विरासत भी के उद्घोष के साथ आज सांस्कृतिक पुनर्जागरण का एक यज्ञ की शुरुआत हुई है। चाहे काशी विश्वनाथ कॉरिडोर हो या उज्जैन में बनने वाला महाकाल लोक का निर्माण हो या हम सब*

*आराध्य देव भगवान श्री रामचंद्र जी के मंदिर का भव्य एवं दिव्य निर्माण हो। ऐसे सभी कार्य आज इस सांस्कृतिक पुनर्जागरण की यह नींव है, यह फाउंडेशन है।*

———————

लखनऊ में आज इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और प्राविधिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से पाथ–वे टू इम्प्लॉयमेंट समिट का आयोजन किया गया। इस समिट का उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से रोजगार के लिए सशक्त बनाना तथा स्टार्टअप और उद्यमशीलता को बढ़ावा देना है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. हरिओम, प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा थे। अपने संबोधन में डॉ. हरिओम ने कहा हमं ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन के लिए एग्रो सेक्टर और छोटे उद्योगों पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

———————

गोरखपुर के चंपादेवी पार्क में कल से तीन दिवसीय गोरखपुर महोत्सव शुरू हो रहा है। इसका शुभारम्भ प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह करेंगे। महोत्सव के दौरान कला, संस्कृति, ज्ञान विज्ञान और मनोरंजन के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। एक रिपोर्ट...

*गोरखपुर रामगढ़ ताल के चंपा देवी पार्क में तीन दिन चलने वाले गोरखपुर महोत्सव में पहले दिन बॉलीवुड के कलाकार जुबिन नौटियाल अपने गानों से दर्शकों को आनंदित करेंगे। दूसरे दिन 11 जनवरी को भोजपुरी नाइट में वाराणसी के भोजपुरी कलाकार रितेश पांडे अपने सुरों की ताल*

*ठोकेंगे। महोत्सव के समापन के दिन 12 जनवरी को सूफी गायक रिचा शर्मा के गाने होंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए गिरीश नारायण चौबे गोरखपुर।*

————————

अग्निवीरों की भर्ती रैली लखनऊ छावनी स्थित एएमसी सेंटर और कॉलेज के एएमसी स्टेडियम में 10 जनवरी से 22 जनवरी के बीच होगी। अग्निवीरों के जनरल ड्यूटी, तकनीकी, कार्यालय सहायक और ट्रैड्समैन पदों के लिये अपल 2024 में हुई ऑन लाइन संयुक्त प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके दस हजार अभ्यर्थी इस भर्ती रैली में सम्मिलित होंगे।

(समाप्त)